मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी
के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज
कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# पर्चा काउंटर पर लाइन में लगे उप मुख्यमंत्री, मरीजों से ली सुविधाओं की जानकारी

## चिनहट सीएचसी का निरीक्षण करने पहुंचे ब्रजेश पाठक ने गंदगी और अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- काउंटर पर मरीजों को अधिकतम पांच मिनट में दवा उपलब्ध कराएं
- लापरवाह सफाई एजेंसी का एक सप्ताह का भुगतान काटा जाए
- रक्त के नमूने की जांच के समय में भी सुधार कराएं

**अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सोमवार को चिनहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण किया। अस्पताल में गंदगी, बदहाल वार्ड और कार्यों पर लापरवाही मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और सफाई एजेंसी का एक सप्ताह का भुगतान काटने के निर्देश दिए। दवा काउंटर पर लगी लंबी कतार को देखते हुए उन्होंने अधीक्षक को निर्देश दिया कि मरीजों को अधिकतम पांच मिनट के भीतर दवा उपलब्ध कराई जाए।

मुंह पर मास्क लगाए उप मुख्यमंत्री सबसे पहले पर्चा काउंटर की लाइन में मरीजों के बीच खड़े हो गए। उन्होंने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और इलाज की व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद पैथोलॉजी विभाग पहुंचे, जहां लंबी लाइन लगी थी। टेक्नीशियन के पास जाकर पूछा कि, एक मरीज के रक्त नमूना लेने में कितना समय लगता है। एक्स-रे कक्ष के आसपास धूल-गर्दा होने पर तत्काल सफाई कराने को कहा। अलमारी खोलकर दवाओं और उपकरणों का स्टॉक भी देखा। इसके बाद ओपीडी कक्ष संख्या पांच में जाकर डॉक्टर से मरीजों की संख्या और अस्पताल की व्यवस्था की जानकारी ली। सबसे ज्यादा अव्यवस्था जनरल वार्ड नंबर 28 में मिली। वहां गंदगी के अलावा कई बेड पर चादर नहीं बिछी थी। इस पर कर्मचारियों को फटकार लगाई। शौचालयों की स्थिति भी खराब मिली। फायर एस्टिंग्यूसर सिलेंडरों की एक्सपायरी डेट जांचने पर वे सही पाई गईं। पीने के पानी की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली। पानी की पाइप जाली से बंधी थी और आसपास गंदगी फैली हुई थी। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जब तक अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त नहीं होगी, तब तक वह अस्पताल परिसर से नहीं जाएं।




चिनहट सीएचसी में महिला मरीज से सुविधाओं की जानकारी लेते और आरओ में पानी की जांच करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।


आशा की समस्या के संबंध में सीएमओ से फोन पर बात करते उप मुख्यमंत्री।

### आशा कार्यकर्ताओं की सुनी समस्या

- अस्पताल के सभागार में आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण चल रहा था। कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि उनके मोबाइल फोन खराब हैं, जिससे काम में परेशानी हो रही है। इस पर उन्होंने तुरंत सीएमओ डॉ. एनबी सिंह को फोन कर मोबाइल ठीक कराने या बदलने और आशा कार्यकर्ताओं का बकाया भुगतान जल्द कराने के निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### चारबाग सेंटर के अध्यक्ष बालेंद्र सिंह की पत्नी का निधन

**अमृत विचार :** चारबाग सेंटर के अध्यक्ष और विकास मंच के नगर सहप्रभारी बालेंद्र सिंह, निवासी चित्ता खेड़ा, ऐशबाग, लखनऊ की पत्नी शीला सिंह का सोमवार दोपहर लगभग 2 :30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। यह दु :खद समाचार प्राप्त होते ही समाज और संगठन में शोक की लहर दौड़ गई। मोहन सिंह बिष्ट, अध्यक्ष, लखनऊ वितरक विकास मंच के मोहन सिंह बिष्ट ने इस खबर की पुष्टि करते हुए बालेंद्र सिंह और उनके परिवार के प्रति शोक व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।


शीला सिंह

### मक्का के बीज पर 50 फीसद अनुदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि विभाग ने जिले में जायद मक्का के संकर बीजों की बिक्री शुरू कर दी है। जो किसानों को 50 फीसद अनुदान पर मिलेंगे। सभी विकास खंड पर स्टॉल लगाए हैं। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि किसानों की मांग पर जायद मक्का के लिए प्रमाणित बीज 1800 क्विंटल की खेप मंगाकर वितरण शुरू कर दिया है। राजकीय कृषि बीज भंडार और अधिकृत फार्म पर स्टॉल लगाए हैं। संकर एनएमएच-920 24,500 रुपये क्विंटल और पूसा एचक्यूपीएम 25,800 रुपये क्विंटल दाम हैं। बीजों पर 50 फीसद अनुदान किसानों को मिलेगा। पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को अधिकतम 2 हेक्टेयर जोत सीमा तक लाभ दिया जाएगा। यदि कोई समस्या आती है तो कंट्रोल रूम 9198938099 व जिला कृषि अधिकारी के नंबर 7839882167 पर कॉल करें।

### उर्वरक के स्टॉक का होगा सत्यापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** खरीफ फसलों में उर्वरकों की पारदर्शिता के लिए स्टॉक का सत्यापन किया जाएगा। सभी जिलों में जिलाधिकारी द्वारा टीमें गठित करके छापेमारी की जाएगी और गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई होगी। अप्रैल से खरीफ फसलों का सीजन शुरू हो जाएगा। किसानों के साथ कृषि विभाग ने खाद, बीज समेत अन्य तैयारी शुरू कर दी है। इधर, सरकार ने सभी जिलों में टीमें गठित करके उर्वरक दुकान, गोदाम, थोक व फुटकर विक्रेताओं के यहां आईएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित स्टॉक और मौके पर स्टॉक का सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। इससे उपलब्धता का पता चलेगा और उसी अनुसार उर्वरक का लक्ष्य व आवंटन किया जाएगा। डंपिंग व कालाबाजारी आदि नहीं हो पाएगी। सभी जिलाधिकारी नोडल व सहनोडल की टीमें गठित करेंगे। 25 मार्च को रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे।

# एक्सप्रेस-वे पर कंटेनर की टक्कर से कार सवार दंपति की मौत

## मथुरा से लौटते समय रेवरी टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा, तीन अन्य लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

**अमृत विचार:** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर रेवरी टोल प्लाजा से पहले कंटेनर की टक्कर लगने से कार सवार दंपति की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई गई है।

पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर के गौरी विहार निवासी राजेंद्र यादव (45), पत्नी सविता, बेटे पार्थ, दोस्त राजेश यादव और उनकी पत्नी उर्मिला के साथ शनिवार सुबह कार से बांके बिहारी के दर्शन करने मथुरा गए थे। वहां से रविवार देर शाम लखनऊ के लिए चले थे। कार राजेश यादव चला रहे थे। रात करीब 11 बजे आगरा एक्सप्रेस-वे पर रेवरी टोल प्लाजा से एक किमी पहले विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर ने सामने से उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में राजेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई और उनकी पत्नी उर्मिला, पीछे बैठे राजेन्द्र यादव, उनकी पत्नी सविता और बेटे पार्थ घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लोकबंधु अस्पताल भेजा, जहां से डॉक्टरों ने उर्मिला और सविता को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उर्मिला की मौत हो गई। राजेंद्र, सविता और पार्थ की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया। चालक की तलाश की जा रही है। उधर, गौरी विहार में दंपती की मौत की सूचना मिलते कोहराम मच गया। घायल राजेंद्र यादव सरोजनीनगर तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री हैं। वहीं, राजेश सरोजनीनगर के नादरगंज में केटीएल मारूति वर्कशॉप में मैनेजर के पद पर थे। मृतक के परिवार में दो बेटी काजल यादव (18), आंचल यादव (14) व दो भाई सत्यम (15) शिवम (17) है। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद राठौर ने बताया कि कंटेनर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।



टोल प्लाजा के पास हादसे में क्षतिग्रस्त कार के पास खड़े लोग।

### कार का ब्रेक जाम, दो वाहन टकराए, तीन घायल

- **अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी के शहीद पथ पर सोमवार दोपहर कार का ब्रेक जाम हो गया। इसी बीच पीछे से आ रही दो अन्य कारें टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी ब्रेक जाम वाली कार डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में तीन लोग चोटिल हो गये। पुलिस ने तीनों को अस्पताल भेजा। वहीं, कार को शहीद पथ किनारे खड़ी कराया। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक सोमवार दोपहर गोमतीनगर से एयरपोर्ट की ओर जा रही एक वैगनआर कार अचानक तकनीकी खराबी के कारण रुक गई। बताया जा रहा है कि चलते समय कार की ब्रेक जाम हो गई, जिससे चालक वाहन को आगे नहीं बढ़ा सका और कार बीच सड़क पर ही रुक गई। इसी दौरान पीछे से आ रही दो अन्य कारें समय रहते नियंत्रण नहीं कर सकीं और वैगनआर से टकरा गईं। टक्कर के बाद वैगनआर कार अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में वैगनआर कार के चालक सुशांत गोल्फ सिटी निवासी सौरभ सिंह, इंदिरानगर के विनय कुमार और अटलघायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सुशांत गोल्फ सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए लोहिया अस्पताल भेजा।

### ट्रैक्टर से कुचलकर मजदूर की मौत

- **अमृत विचार, काकोरी :** पुलिस के मुताबिक हरदोई के थाना अतरौली क्षेत्र के रुदौली गांव निवासी राकेश यादव का बेटा शोभित यादव (18) सातवीं कक्षा का छात्र था। रविवार रात करीब आठ बजे वह गांव के मामा विकास यादव, प्रभास यादव और अरविंद के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से ईंट लादकर काकोरी के खालिसपुर गांव आया था। ईंट उतारने के बाद लौटते समय ट्रैक्टर पर बैठा शोभित नीचे गिर गया। ट्रैक्टर का पहिया उसके सिर को कुचलते हुए निकल गया। विकास घायल शोभित को सीएचसी मलिहाबाद ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना विकास ने मृतक के परिजन और पुलिस को दी। मृतक के परिवार में मां मायादेवी, भाई योगेंद्र, अर्जुन, रुद्र और बहन काजल व पल्लवी हैं। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतक के परिजन ने अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

### युवती को ब्लैकमेल कर रहा युवक

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** सरोजनीनगर थाना में युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराया है। आरोप है कि युवक उसे लगातार ब्लैकमेल कर रहा है। दबाव बना रहा है कि उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। सरोजनी नगर निवासी एक युवती के मुताबिक 7 मार्च को उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर princedk231 नाम की आईडी से मैसेज आया। उसका कहना है कि आरोपी ने उससे दोस्ती करने के लिए कहा, लेकिन मना करने पर युवती की उसके दोस्त के साथ वाली फोटो भेजकर उसे वायरल करने की धमकी देने लगा। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद आरोपी लगातार उससे मिलने और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने के साथ अश्लील बातें करता रहा और अकेले मिलने के लिए कहता रहा। पीड़िता का कहना है कि कुछ समय बाद पता चला कि यह मैसेज विशाल और उसका दोस्त सचिन राठौर भेज रहे हैं। पीड़िता के मुताबिक विशाल उसका रिश्ते में चाचा लगता है, इसलिए उसने कभी इस तरह की हरकत की उम्मीद नहीं की थी।


नई दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में मंच पर आसीन लखनऊ महापौर एवं अन्य।

## एनसीआर की तरह विकसित होगा लखनऊ एससीआर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- नई दिल्ली में 'विकसित दिल्ली 2047' सम्मेलन में शहरों के विकास पर रखे विचार

**अमृत विचार :** नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड में "विकसित दिल्ली 2047" विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम द ब्रिक्स एसोसिएशन ऑफ सिटीज एंड म्युनिसिपालिटीज तथा ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट ने आयोजित किया। सम्मेलन में ब्रिक्स देशों से आए महापौरों, प्रतिनिधियों, शहरी विकास विशेषज्ञों, पत्रकारों ने भाग लिया और वर्ष 2047 तक विकसित भारत और विकसित शहरों के निर्माण की दिशा में व्यापक विचार-विमर्श किया। सम्मेलन में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने शहरों के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि अनुमान यह है कि वर्ष 2047 तक लखनऊ की आबादी डेढ़ करोड़ से अधिक हो जाएगी। बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए शहर के योजनाबद्ध और दीर्घकालिक विकास के लिए दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर लखनऊ-एससीआर विकसित किया जा रहा है।

### वीडियो वायरल करने की धमकी दी

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमतीनगर के विनीतखंड इलाके में एक महिला परिवार के साथ रहती हैं। महिला के मुताबिक तूफान नाम का व्यक्ति उन्हें नवम्बर 2025 से परेशान कर रहा है। पीड़िता को मानसिक रूप से परेशान कर रहा है। पीड़िता को कॉल करके अश्लील बातें करता है। पीड़िता के विरोध करने पर उनकी वीडियो वायरल करने की धमकी देता है। आरोपी धमकाता है कि उसके पास पीड़िता के कई आपत्तिजनक वीडियो हैं। जिसे वह उसके पति को भेजेगा।

## संपत्ति विवाद में भाइयों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीजीआई के कल्ली पश्चिम में हुई घटना, 15 दिन बाद कार्रवाई

**अमृत विचार:** पीजीआई के कल्ली पश्चिम में संपत्ति विवाद को लेकर छोटे व बड़े भाई के बीच मारपीट हुई। घटना के 15 दिन बाद पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज किया है। मामले में पुलिस साक्ष्य जुटा रही है।

कल्ली पश्चिम निवासी मुकेश रावत के मुताबिक 1 मार्च को वह किसी काम से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनके छोटे भाई मुदित रावत ने अपने कुछ साथियों के साथ उन्हें रोक लिया। आरोप है कि मुदित और उसके साथियों ने मिलकर मुकेश रावत को घेर लिया और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उन्हें गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का यह भी आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद मुकेश रावत ने पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने उन्हें चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा, जहां उनका मेडिकल कराया गया। हालांकि उस समय पुलिस ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं किया था। बाद में मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच कल्ली चौकी प्रभारी को सौंपी गई।

जांच के दौरान पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ की और घटना से जुड़े तथ्यों को एकत्र किया गया। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह के मुताबिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर आरोपी मुदित रावत के खिलाफ रविवार रात मारपीट और धमकी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सिटी डायरी


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### कथा के समापन पर हुआ भंडारा

**अमृत विचार, निगोहां :** कस्बे में हुई भागवत कथा के अंतिम दिन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती महाराज ने लोगों को स्वदेशी अपनाने और गोपालन को बढ़ावा देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति कम से कम एक गाय का पालन करे तो इससे गोवंश की रक्षा होगी और गायों के कटने की घटनाओं पर भी रोक लग सकेगी। शंकराचार्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, इसी वजह से कानून-व्यवस्था के मामले में प्रदेश बेहतर स्थिति की ओर बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है। योगी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। भविष्य में योगी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हूं। आयोजक कृष्ण प्रकाश शुक्ला एवं हरि प्रकाश शुक्ला ने बताया कि कथा के समापन अवसर पर कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।


नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते वरिष्ठ पदाधिकारी।

### नए पदाधिकारी किए नियुक्त

**अमृत विचार, गोसाईगंज :** भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक जनशक्ति) के युवा जिलाध्यक्ष राममिलन रावत की अगुवाई में संगठन में नए पदाधिकारी नियुक्त किए गए। विजयशंकर प्रधान को मोर्चा का प्रदेश महामंत्री और कपिल देव को प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। कई लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, प्रदेश महामंत्री शिवराम यादव, मंडल अध्यक्ष रामसुचित उर्फ राजन यादव, जिलाध्यक्ष रामगोपाल विश्वकर्मा, जिला प्रवक्ता मनोज यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश कश्यप, संदीप, धर्मेंद्र प्रधान, पप्पू, हरी प्रसाद लोधी उपस्थित रहे।



स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस में छात्राएं।

### 100 छात्राओं ने किया भ्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस में सीतापुर के 100 बच्चों ने एक शैक्षणिक भ्रमण किया। बच्चों और उनके साथ समन्वयक व शिक्षकों को जिलाधिकारी सीतापुर डॉ. राजा गणपति द्वारा भेजा गया था। इस अवसर पर डॉ. योगेश दीक्षित ने सीतापुर के 11 विद्यालयों से समन्वय करके कक्षा 9 से 12 तक के विज्ञान संवर्ग के बच्चों को संस्थान का भ्रमण कराया। निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी, अपर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र श्रीवास्तव, जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी, कार्तिकेय, शैलेंद्र सिंह और सीतापुर से आए शिक्षक राज नारायण वर्मा मौजूद रहे।


सदस्यता ग्रहण करते वालों को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष अतुल कुमार।

### भाकियूलो के सदस्य बने

**अमृत विचार, माल :** कस्बा स्थित भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) के क्षेत्रीय कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अतुल कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इसमें बड़ी संख्या में युवा किसानों और तेलेसुआ निवासी आकाश रावत ने साथियों के साथ संगठन की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन किसानों की मूलभूत समस्या, भ्रष्टाचार, असमानता, गरीब और मजदूरों की आवाज बनेगा।

रहीमाबाद कांड

**रक्तदान शिविर में 19 लोगों की जांच में पॉजिटिव मिले चार मरीजों के परिजनों की अभी तक नहीं हुई जांच**

# हेपेटाइटिस-बी संक्रमण पर पर्दा डालने में लगा स्वास्थ्य विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रहीमाबाद क्षेत्र में हेपेटाइटिस-बी संक्रमण फैलने के मामले में स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली संदेह के घेरे में आ गई है। बीमारी के स्रोत का पता लगाने और संभावित प्रसार को रोकने के बजाय अधिकारी पर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। चार मरीजों में संक्रमण की पुष्टि के बाद भी उनके परिजनों और संपर्क में आए लोगों की जांच तक नहीं कराई गई है।

रहीमाबाद में 24 फरवरी को बलरामपुर अस्पताल ब्लड बैंक की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया था। इसमें चार गांवों के 19 लोगों ने रक्तदान किया था। तीन लोगों के रक्त नमूनों की प्रारंभिक जांच में हेपेटाइटिस-बी संक्रमण की पुष्टि हुई थी। अस्पताल प्रशासन ने लोहिया संस्थान में आईडी-नेट तकनीक से जांच कराई, जिसमें सभी 19 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। इसके बाद स्वास्थ्य महानिदेशालय के निर्देश पर दोबारा नमूने लेकर केजीएमयू में जांच कराई गई। यहां की रिपोर्ट में चार लोग हेपेटाइटिस-बी पॉजिटिव पाए गए।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग ने गहराई से जांच के बजाय रैपिड टेस्ट कराकर मामले को दबाने की कोशिश की। 54 लोगों की रैपिड जांच में सभी की रिपोर्ट निगेटिव बताई गई। डॉक्टर स्वयं रैपिड जांच को पूरी तरह प्रमाणित नहीं मानते हैं, इसके बावजूद किसी का भी नमूना नैट जांच के लिए नहीं भेजा गया। ग्रामीणों ने समय रहते सही जांच और निगरानी न होने पर संक्रमण के फैलने की आशंका जताई है। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह का कहना है कि जिन मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई है, उनके परिजनों की भी जांच कराकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### माल सीएचसी में बंद पड़ी जांच मशीनें

- **अमृत विचार, लखनऊ :** माल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एक्स-रे, ईसीजी, बीपी जांच की मशीनें मशीनें लंबे समय से खराब पड़ी हैं। मरीजों निजी केंदों पर जांच के लिए भेजा जा रहा है। माल के जलौली निवासी पंकज कुमार सिंह पिछले महीने भाई को इलाज के लिए सीएचसी ले गए थे। डॉक्टर ने ईसीजी, बीपी और एक्स-रे जांच की सलाह दी। ये भी बताया था कि अस्पताल में लगी सभी जांच मशीनें खराब हैं, निजी केंद्र से जांच कराने की सलाह दी थी। पंकज सिंह ने मामले की शिकायत उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से की। उपमुख्यमंत्री कार्यालय ने स्वास्थ्य महानिदेशालय को सौंपी है। इसके बाद अपर निदेशक (विद्युत) रवि कुमार ने मरम्मत करने वाली कंपनी सायरेक्स को पत्र भेजा, लेकिन अभी तक मशीनें ठीक नहीं हो पाईं।वहीं दिल के मरीजों के लिए चलाया जा रहा स्टेमी प्रोग्राम भी लगभग ठप है। इस संबंध में सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने कहा कि मशीनों को जल्द ठीक कराने की प्रक्रिया चल रही है।

न्यूज ब्रीफ

## पीजीआई में कई पदों पर भर्ती, ऑनलाइन आवेदन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में विभिन्न पदों के लिए सीनियर जेआर समेत कई भर्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। संस्थान के रजिस्ट्रार रजिस्ट्रार कर्नल वरुण बाजपेयी द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन पदों के लिए प्रवेश परीक्षा 12 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इन पदों में पीडीसीसी और पीडीएएफ पाठ्यक्रमों के साथ-साथ सीनियर रेजिडेंट (हॉस्पिटल सर्विस) और जूनियर रिसर्च फेलो (नॉन एकेडमिक) के पद भी शामिल हैं। संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना पुस्तिका में सीटों की संख्या और अन्य आवश्यक विवरण दिए गए हैं।

## डेयरी उत्पादों के निर्यात में 10 फीसदी की बढ़ोतरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पशुपालन और डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा देने के प्रयासों का असर निर्यात में बढ़ोतरी के रूप में दिखाई दे रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार डेयरी उत्पाद, अंडे, प्राकृतिक शहद और अन्य पशु-आधारित खाद्य उत्पादों के निर्यात में करीब 10 .16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अप्रैल 2023 से नवंबर 2024 के बीच इस श्रेणी का निर्यात 444 .10 करोड़ रुपये था, जो अप्रैल 2024 से नवंबर 2025 के दौरान बढ़कर 489 .24 करोड़ रुपये पहुंच गया। इस प्रकार करीब 45 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दूध, घी, पनीर, मक्खन और मिल्क पाउडर के साथ अंडे और शहद की अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती मांग से निर्यात को गति मिली है।

## वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले बजट का पूरा उपयोग करें : सचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने सोमवार को विभागीय योजनाओं के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट और प्रगति की समीक्षा की। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, बजट व्यय और लंबित परियोजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए सख्त निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले बजट का पूरा उपयोग करें। कैसरबाग स्थित निर्यात भवन में समीक्षा के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

## ड्रॉपआउट रोकने के दिए निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि 'स्कूल चलो अभियान' के तहत सभी बच्चों को आंगनबाड़ी, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में समय पर नामांकित किया जाए और ड्रॉपआउट रोकने के लिए विशेष कदम उठाए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अपर मुख्य सचिव सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के मुख्य विकास अधिकारियों को शिक्षा विभाग की योजनाओं संबन्धी समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। अपर मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिया कि परियोजना अलंकार के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने तथा आवश्यक सामग्री की खरीद प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए। इस समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों को स्पष्ट और समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

# एलपीजी कालाबाजारी को लेकर 4,816 जगह छापे

- 70 एफआईआर दर्ज, 10 गिरफ्तार, 4,108 वितरकों की डिलीवरी पर बढ़ाई गई निगरानी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में एलपीजी की कालाबाजारी और अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकार ने व्यापक अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रवर्तन एजेंसियों ने प्रदेशभर में सख्ती बढ़ाते हुए 12 मार्च से अब तक 4,816 निरीक्षण और छापेमारी की है। इस दौरान 70 एफआईआर दर्ज की गईं और 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, एलपीजी वितरकों के खिलाफ 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं, जबकि गैस की कालाबाजारी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के खिलाफ 60 एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा 67 लोगों के विरुद्ध अभियोजन की कार्रवाई भी की गई है। प्रदेश सरकार ने 4,108 एलपीजी वितरकों पर विशेष निगरानी बढ़ा दी है, ताकि उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुरूप गैस सिलेंडर की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित की जा सके। इसके लिए स्टॉक की नियमित समीक्षा की जा रही है और रिफिल की उपलब्धता पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का समुचित और समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन जरूरी है। इससे




आम लोगों को फायदा होता है। वह सोमवार को जन भवन में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, नई दिल्ली के प्रशिक्षु सैन्य और सिविल सेवाओं के अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट के दौरान संवाद कर रहीं थीं। इनमें भारत के साथ ही मालदीव, ब्राजील, श्रीलंका, आर्मेनिया तथा मंगोलिया के सैन्य अधिकारी भी रहे।

# यूपी बोर्ड की किताबें सस्ती दरों पर उपलब्ध

## सरकार ने 70 एनसीईआरटी और 12 भाषा पुस्तकों को किया लागू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तीन एजेंसियों को मुद्रक व प्रकाशक अधिकृत किया गया




**अमृत विचार :** उप्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 से 12 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी की 70 पाठ्यपुस्तकों और हिंदी, संस्कृत व उर्दू की 12 पुस्तकों को सस्ते दरों पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। ये पुस्तकें प्रदेश के सभी राजकीय, सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में लागू होंगी।

एनसीईआरटी की किताबें विशेषज्ञ शिक्षाविदों द्वारा तैयार की जाती हैं और अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न भी इन्हीं पर आधारित होते हैं। इससे छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और स्वयं सीखने की क्षमता विकसित होती है। इन पुस्तकों के मुद्रण व वितरण के लिए प्रदेश में केवल तीन एजेंसियों को मुद्रक व प्रकाशक अधिकृत किया गया है। प्रेस क्लब में सोमवार को अधिकृत मुद्रक सिंघल एजेंसीज,लखनऊ के अभिनव अग्रवाल बताया कि परिषद के निर्देशानुसार अधिकृत पुस्तकों के अलावा किसी अन्य किताब से पढ़ाई नहीं कराई जाएगी, ताकि छात्रों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े। इसके लिए ब्लाक स्तर तक पुस्तकें उपलब्ध करायी जाएंगी। पीतांबरा बुक्स प्रा.लि. झांसी के सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि कक्षा 9 से 12 तक के पुस्तक सेट की कीमत 393 रुपये से 458 रुपये के बीच रखी गई है, जो निजी प्रकाशकों की किताबों से लगभग एक-तिहाई है। कम मूल्य होने के बावजूद अधिकृत मुद्रकों द्वारा खुले बाजार में थोक विक्रेताओं का एमआरपी पर 20 प्रतिशत की छूट जा रही है। पायनियर प्रिंटर्स, आगरा के रुचिर बंसल ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की कक्षा 11 एवं 12 के लिए 36 विषयों की 70 पुस्तकों की और कक्षा 9 से 12 तक परिषद द्वारा हिन्दी, संस्कृत एवं उर्दू विषयों की 12 पाठ्यपुस्तकों की सूची मूल्य समेत उपलब्ध करा दी गयी है।

# ट्रस्ट और टेक्नोलॉजी प्रदेश के परिवर्तन के दो प्रमुख आधार

## राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के अधिकारियों से मुख्यमंत्री योगी ने किया संवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ट्रस्ट और टेक्नोलॉजी प्रदेश के परिवर्तन के दो प्रमुख आधार बने हैं। सुशासन और रूल ऑफ लॉ के कारण पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था तीन गुना बढ़ी है और निवेश का माहौल मजबूत हुआ है।

मुख्यमंत्री सोमवार को नेशनल डिफेंस कालेज, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सामरिक अध्ययन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय सशस्त्र बलों, विभिन्न देशों की सेनाओं और भारत सरकार की सिविल सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में कानून व्यवस्था बड़ी चुनौती थी, लेकिन सरकार ने रूल ऑफ लॉ स्थापित कर अवैध वसूली और अराजकता पर प्रभावी नियंत्रण किया। बेहतर कानून व्यवस्था के कारण निवेश और विकास को नई गति मिली है। उन्होंने बताया कि आज देश के लगभग 55 प्रतिशत एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में हैं और प्रदेश तेजी से आधारभूत ढांचे के विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी नीति की सफलता के लिए समय-सीमा, नियमित मॉनिटरिंग और जवाबदेही तय करना आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एयर मार्शल मनीष कुमार गुप्ता कर रहे थे। इसमें भारतीय सशस्त्र बलों, विभिन्न देशों की सेनाओं और सिविल सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।



अपने सरकारी आवास पर प्रशिक्षु सैन्य अधिकारियों व सिविल सेवा के अधिकारियों से भेंट करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

## कैलाश मानसरोवर यात्रियों को आज आर्थिक सहायता देंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाले 555 श्रद्धालुओं को एक-एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे। पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य तीर्थ यात्रियों को प्रोत्साहित करना और उनकी यात्रा को सुगम बनाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहेंगे। कैलाश मानसरोवर यात्रा को सनातन परंपरा में अत्यंत पवित्र माना जाता है, लेकिन यह यात्रा कठिन और खर्चीली होती है। प्रदेश सरकार द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा पूरी करने वाले राज्य के स्थायी निवासियों को एक लाख रुपये तक की सहायता दी जाती है। यात्रा पूर्ण करने के बाद आवेदन और दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित की जाती है।

## छोटे बच्चों को रोने दें, मोबाइल फोन कतई न दें : योगी आदित्यनाथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मातृशक्ति का आह्वान किया कि बच्चे जब जिद करें तो कुछ समय उन्हें रोने दें, वे स्वयं शांत हो जाएंगे लेकिन उन्हें मोबाइल फोन कतई न दें। उन्होंने कहा कि मोबाइल पर खेल और अन्य गतिविधियां बच्चों की सोचने की क्षमता को कम कर रही हैं। यदि वही समय पढ़ाई, योग और व्यायाम में लगाया जाए तो जीवन अधिक अनुशासित और सफल बन सकता है। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को राजस्थान के जालोर में श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर के 375 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ और विशाल धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग समय की बर्बादी के साथ आंखों और मस्तिष्क पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है।

# अधिकारियों और लोकायुक्त की सहनशीलता समझ से परे : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई न होने पर हाईकोर्ट की टिप्पणी




**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के एक मामले में कार्रवाई न होने पर सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि मामले में राज्य सरकार के अधिकारियों और लोकायुक्त की सहनशीलता समझ नहीं आ रही है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई हेतु 21 अप्रैल की तिथि नियत करते हुए, लोकायुक्त व जिलाधिकारी खीरी समेत खीरी जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित वीडीओ व चतुर्थश्रेणी कर्मचारी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ मोहम्मद सलीम की जनहित याचिका पर दिया। याची के अधिवक्ता सौरभ सिंह ने बताया कि खीरी जनपद में तैनाती के दौरान ग्राम विकास अधिकारी अहमद हसन ने अपने साथ काम करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी फुरकान अली के खाते में6,02,995 रुपये सरकारी धन ट्रांसफर कर दिया। कहा गया कि मामले की जांच के उपरांत 8जून 2020 को अहमद हसन को विभागीय दंड देते हुए, उसका एक इंक्रीमेंट रोकने तथा सेवा पुस्तिका में प्रतिकूल टिप्पणी का आदेश दिया गया। याची की ओर से दलील दी गई कि इतनी साधारण सजा मिलने से उक्त कर्मचारी का हौसला और बढ़ गया तथा उसने 10 अप्रैल 2023 को95,94015 रुपये का सरकारी धन पुनः उसी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी फुरकान अली के व्यक्तिगत खाते में ट्रांसफर कर दिया। कहा गया कि इस मामले में उसे कोई सजा नहीं मिली, तत्पश्चात मामले की शिकायत लोकायुक्त से की गई लेकिन लोकायुक्त ने यह पाते हुए कि इसी प्रकार के पुराने मामले में उक्त ग्राम विकास अधिकारी को विभागीय दंड मिल चुका है, शिकायत को समाप्त कर दिया। न्यायालय ने इस स्थिति पर आश्चर्य व्यक्त किया।

# 48 साल पुराने हत्याकांड में हुआ इंसाफ

विधि संवाददाता, लखनऊ

- अपील खारिज, जीवित बचे एकमात्र अभियुक्त को जाना होगा जेल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लगभग 48 साल पुराने दोहरे हत्याकांड मामले में एकमात्र बचे जीवित अभियुक्त की अपील को खारिज कर दिया है। उक्त अभियुक्त जमानत पर है जिसे न्यायालय ने दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति रजनीश कुमारऔर न्यायमूर्ति जफीर अहमद की खंडपीठ ने अवध नारायण व अन्य की ओर से दाखिल अपील पर पारित किया है। मामले के तीन अभियुक्तों अवध नारायण, बलवंत सिंह व जंगी उर्फ बलराम सिंह की अपील के विचाराधीन रहने के दौरान मृत्यु हो चुकी थी। वर्तमान निर्णय सिर्फ एकमात्र जीवित बचे अपीलार्थी मुकुंडी सिंह के संबंध में पारित किया गया है। मामला अयोध्या जनपद का है। कोतवाली नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 मई 1978 को तरंग टॉकीज के पास साइकिलस्टैंड के ठेके पर विवाद हुआ जिसके चलते अभियुक्तों ने प्रभाकर दुबे और राम अंजोर पांडेय की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। सत्र अदालत 8 दिसंबर 1982 को उपरोक्त चारों अभियुक्तों को आईपीसी की धारा 302 व 149 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। न्यायालय ने पाया कि गवाहों केबयान, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्य अभियोजन पक्ष के केस को सही साबित करनेके लिए पर्याप्त है। अदालत ने माना कि ट्रायल कोर्ट का फैसला कानून के अनुरूप है और उसमें कोई त्रुटि नहीं है। न्यायालय ने मुकुंदी सिंह की अपील को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया।

# पंडित पर प्रश्न लिखने वाले को चिन्हित करने पर विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीपी और भर्ती बोर्ड अध्यक्ष ने की बैठक, परीक्षा शांति से संपन्न होने पर ली राहत की सांस

**अमृत विचार:** एसआई भर्ती परीक्षा में पूछे गए पंडित प्रश्न को लेकर मुख्यमंत्री ने तल्ख तेवर अपनाए हैं तो पुलिस विभाग में खलबली का आलम है। इसे लेकर सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में डीजीपी राजीव कृष्ण और पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष एसबी शिरडकर के बीच बैठक हुई। समझा जा रहा है कि इस दौरान पेपर सेट करते समय पंडित सवाल लिखने वाले पेपर सेटर को चिन्हित करने पर विचार किया गया। साथ ही बोर्ड अध्यक्ष द्वारा भर्ती कुशलता से संपन्न होने की रिपोर्ट भी सौंपी गई।

दरअसल यूपी पुलिस के एसआई पद के लिए 14 और 15 मार्च को प्रदेश के सभी 75 जिलों में परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान 14 मार्च के पेपर में विकल्प के तौर पर पंडित को लेकर आपत्तिजनक सवाल पूछा गया था। इसे लेकर खासा विवाद हो रहा है। उधर इस मामले में डिप्टी सीएम के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी गहरी नाराजगी व्यक्त की है। सूत्रों का दावा है कि बैठक में पेपर में हुई गलती पर चर्चा हुई। हालांकि बैठक के बारे में अधिकृत तौर कोई भी अधिकारी मुंह खोलने के तैयार नहीं है।

# एडेड विद्यालयों में भी ग्रेच्युटी 25 लाख तक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के 4500 से अधिक विद्यालयों के सवा लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए उनकी अधिकतम ग्रेच्युटी राशि 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से प्रदेश के 4500 से अधिक अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत करीब सवा लाख शिक्षकों और कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।

माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, महंगाई भत्ता मूल वेतन का 50 प्रतिशत होने के बाद ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा बढ़ाकर 25 लाख रुपये निर्धारित की गई है। विभाग के विशेष सचिव उमेश चंद्र की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इस प्रस्ताव को वित्त विभाग से भी स्वीकृति मिल चुकी है। उल्लेखनीय है कि राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों को यह सुविधा पहले से दी जा रही है। इसके बाद से सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक संगठनों की ओर से भी ग्रेच्युटी सीमा बढ़ाने की मांग की जा रही थी। उसी के क्रम में अब यह निर्णय लिया गया है।

नए आदेश के अनुसार सेवा के दौरान यदि कर्मचारी विकल्प देता है या सेवा के दौरान किसी शिक्षक अथवा कर्मचारी का निधन हो जाता है, तो उनके आश्रितों को भी नियमों के अनुसार ग्रेच्युटी की राशि प्रदान की जाएगी।

## एनपीएस अंशदान जमा न होने पर नाराजगी

सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) खातों में अंशदान समय से जमा न होने को लेकर शिक्षक संगठनों ने चिंता जताई है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट) के प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव से मुलाकात कर समस्या उठाई। संगठन का कहना है कि शिक्षकों की जमा राशि को ब्याज सहित उनके खातों में समायोजित करने के स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद कई मामलों में धनराशि जमा नहीं हो पाई है, जिस पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है।

# घर में घुसकर हमले व लूटपाट की पांच माह बाद दर्ज हुई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोसाईंगंज क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पड़ोसियों पर घर में घुसकर हमला करने और लूटपाट का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने घटना के करीब पांच माह बाद 17 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मुंशीगंज अमेठी की आरती के मुताबिक 20 अक्टूबर 2025 को दीपावली की रात करीब आठ से साढ़े आठ बजे के बीच अरविंद, जितेंद्र, धर्मेंद्र, सुरेंद्र, वीरेंद्र, छोटे लाल, राहुल, रामदीन, प्रभु, अमिताभ, सुरेश, अनिल, गोकरन, नीरज, मुकेश समेत अन्य लोग लाठी, डंडे, ईंट-पत्थर और लोहे की रॉड लेकर उनके घर में जबरन घुस आए। आरोपियों ने उनके पति मिश्री लाल, बेटे आदित्य और अन्य पर हमला कर मारपीट की तथा गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटने लगे तो आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़िता का आरोप है कि घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई थी, लेकिन पुलिस देर से पहुंची। गोसाईंगंज थाने में शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। बाद में आरोपियों ने दोबारा हमला कर घर और रिश्तेदारों के वाहनों में तोड़फोड़ की तथा सोने के जेवर, नकदी और अन्य सामान लूट लिया। कोर्ट के आदेश पर गोसाईंगंज पुलिस ने 17 नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लांचिंग

मेटा एग्रो के बैग का सीआईएसएच निदेशक ने किया अनावरण

# नया 'कवच बैग' करेगा लीची की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब आम की तरह बागवान लीची की बैगिंग करके पैदावार करेंगे। इसके लिए मेटा एग्रो ने 'कवच बैग' विकसित किया है। जो लीची को कीटरोग से बचाएगा। गुणवत्ता के साथ अच्छी पैदावार होगी और अच्छा बाजार भाव मिलेगा। सोमवार को मलिहाबाद स्थित रहमान खेड़ा स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच) में निदेशक डॉ. टी दामोदरन ने कवच बैग का अनावरण किया। उन्होंने बागवानों को तकनीक के फायदे बताए।



सीआईएसएच में लीची के कवच बैग का अनावरण करते निदेशक डॉ. टी दामोदरन।

मेटा एग्रीटेक एवं अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति ने संयुक्त रूप से फार्मर फर्स्ट परियोजना के तहत आम पर परिचर्चा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फल उत्पादक किसान शामिल हुए। संस्थान के निदेशक डॉ. टी. दामोदरन ने आम में आदर्श कृषि क्रिया, बैगिंग तकनीक, पुराने एवं अनुत्पादक पेड़ों का क्षेत्र प्रबंधन व आम के निर्यात से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके बाद इनक्यूबेटेड कंपनी मेटा एग्रो का कवच लीची बैग का अनावरण किया। मेटा एग्रो के निदेशक मयंक सिंह ने बताया आम के बैग में सफलता को देखते लीची उत्पादन के लिए सुरक्षा बैग विकसित किया है।

कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. मनीष मिश्रा, डॉ. एचएस सिंह, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. एसके शुक्ल, डॉ. कमलेश कुमार एवं अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति, मलिहाबाद के महासचिव उपेन्द्र कुमार सिंह, उत्कृष्ट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक सतीश सिंह, इरादा के निदेशक दयाशंकर सिंह व राजकुमार आदि प्रगतिशील बगवान उपस्थित रहे।

## भाजपा के इशारे पर कार्य कर रहा चुनाव आयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि भाजपा फर्जी तरीके से प्रिंटेड



फार्म-7 और नकली हस्ताक्षरों के जरिए सपा समर्थकों के वोट कटवाने की साजिश कर रही है। पार्टी ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की, लेकिन अब तक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सपा प्रमुख ने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं होती, वहां चुनाव के दौरान डीजीपी और मुख्य सचिव जैसे अधिकारियों को हटा दिया जाता है, जबकि भाजपा शासित राज्यों में ऐसा नहीं होता।

# स्काईमेट वेदर कंपनी को दी चेतावनी

## किसानों को मौसम की सटीक जानकारी देना प्राथमिकता : कृषि मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** किसानों को मौसम की सटीक जानकारी देने के लिए वेदर सिस्टम लगाने को अधिकृत की गई वेंडर कंपनी स्काईमेट वेदर सर्विसेज की लापरवाही पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का पारा चढ़ गया। उन्होंने कंपनी के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में वेदर सिस्टम लगाने का कार्य पूरा नहीं किया तो कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने के साथ ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश के कृषि मंत्री सोमवार को विधानसभा कार्यालय में वेदर इंफॉर्मेशन एंड नेटवर्क डेटा सिस्टम (विंड्स) के तहत लगाए जा रहे स्काईमेट वेदर यंत्रों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान कंपनी की काफी लापरवाही पाई गई। कृषि मंत्री ने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसका मुख्य उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन और ग्राम पंचायत स्तर पर ऑटोमैटिक रेन गेज की स्थापना करना है। इसके माध्यम से प्राप्त मौसम के सटीक आंकड़ों को केन्द्र सरकार के फसल बीमा पोर्टल से इंटीग्रेट किया जाना है। जिससे आपदा की स्थिति में किसानों को फसल क्षतिपूर्ति का भुगतान समय से किया जा सके।



विधानसभा कार्यालय में बैठक करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार, 17 मार्च 2026

पूर्वांचल

## न्यूज ब्रीफ

### घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** धनघटा थाना क्षेत्र के करियाजोत गांव में सोमवार को व्यक्ति का शव कमरे में लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक तौर पर घटना के पीछे पारिवारिक तनाव की बात सामने आ रही है। गांव निवासी राम किशुन (42) पुत्र बुधई सोमवार सुबह घर पर ही था। उसकी पत्नी सरोज और 16 वर्षीय बेटी नीरा सुबह खेत में काम करने चली गई थीं। दोपहर में जब दोनों वापस घर लौटीं और कमरे का दरवाजा खोला तो राम किशुन साड़ी के फंदे से पंखे के सहारे लटका हुआ मिला।



### घरेलू गैस वितरण में भेदभाव का आरोप

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला संरक्षक अरविन्द कुमार शुक्ला ने गैस सिलेण्डर की उपयोग अवधि के मानकों को लेकर सरकार की नीतियों पर कड़े सवाल खड़े किये हैं। सरकार से पूछा है कि क्या एक गैस सिलेण्डर वास्तव में 45 दिनों तक चल सकता है। श्री शुक्ला ने सरकार की दोहरी नीति पर प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान मानकों में शहर के लिए 25 दिन और गांव के लिए 45 दिन की अवधि तय की जा रही है।

### पुलिस व एसएसबी ने किया पैदल गश्त

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** इंडो-नेपाल बॉर्डर ककरहवा पर ऑपरेशन कवच के तहत थाना मोहाना पुलिस व एसएसबी टीम द्वारा संयुक्त रूप से भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गस्त किया गया। जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में इंडो नेपाल बॉर्डर ककरहवा पर ऑपरेशन कवच के तहत एसएसबी व थाना मोहाना पुलिस के साथ संयुक्त रूप से पैदल गस्त किया गया।

# सहमति से बने शारीरिक संबंध को दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संबंध टूटने या शादी न होने के कारण पूर्व में बनाए गए संबंधों को दुष्कर्म मानने से किया इनकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लंबे समय तक सहमति से बने शारीरिक संबंध को संबंध टूटने के बाद दुष्कर्म का मामला बनाने के संबंध में अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि यदि दो वयस्क व्यक्तियों के बीच लंबे समय तक सहमति से शारीरिक संबंध बने रहते हैं, तो केवल संबंध टूटने या शादी न होने के कारण उसे दुष्कर्म का मामला नहीं बनाया जा सकता।

कोर्ट ने ऐसे मामलों में आपराधिक प्रक्रिया के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि असफल रिश्तों को आपराधिक मुकदमों का रूप देना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना की एकलपीठ ने आरोपी अजय सैनी द्वारा बीएनएसएस की धारा 528 के तहत दाखिल याचिका स्वीकार करते हुए वर्ष 2024 की चार्जशीट, संज्ञान आदेश तथा एसीजेएम-1, रामपुर की अदालत में लंबित आपराधिक कार्यवाही को निरस्त कर दिया। मामले के अनुसार पीड़िता ने 3 दिसंबर 2024 को रामपुर के कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कर आरोप लगाया कि वर्ष 2019 में जीएनएम कोर्स पूरा करने के बाद नौकरी की तलाश के दौरान उसकी मुलाकात आरोपी से हुई। आरोपी ने उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में नौकरी दिलाने का झांसा देकर होटल ले जाकर नशीला पदार्थ खिलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में शादी का आश्वासन देकर चार वर्षों तक उसके साथ संबंध बनाता रहा। जब उसे पता चला कि आरोपी कहीं और शादी करने वाला है, तब उसने शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, 328, 323, 504 और 506 के तहत आरोपपत्र दाखिल किया, जबकि उसके पिता और भाई के खिलाफ मारपीट और धमकी की धाराओं में चार्जशीट दाखिल की गई। आरोपी के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि एफआईआर घटना के चार वर्ष बाद दर्ज की गई है और उसमें घटना की तिथि, समय और स्थान का कोई स्पष्ट विवरण नहीं है, साथ ही पीड़िता के बयान एफआईआर, बीएनएसएस की धारा 180 (पूर्व में सीआरपीसी की धारा 164) के तहत दर्ज बयानों में परस्पर विरोधाभासी हैं। यह भी कहा गया कि मामला वास्तव में टूटे हुए संबंध का है और आपराधिक मुकदमा केवल तब दर्ज किया गया जब पीड़िता को आरोपी के अन्यत्र विवाह की जानकारी मिली।

### नाबालिग पीड़िता की समझ-बूझ की क्षमता पर संतोष दर्ज किए बिना दिए गए फैसले पर जताया असंतोष

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पॉक्सो अधिनियम से जुड़े एक आपराधिक मामले में ट्रायल कोर्ट के फैसले पर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा कि किसी नाबालिग पीड़िता का बयान स्वीकार करने से पहले उसकी समझ-बूझ और सही-गलत में अंतर करने की क्षमता के संबंध में न्यायालय का स्पष्ट संतोष निर्णय में दर्ज होना अनिवार्य है, जबकि मौजूदा मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया का उल्लेख ही नहीं किया गया, जो न्यायिक मानकों के विपरीत है। इस पर हाईकोर्ट ने संबंधित न्यायाधीश से स्पष्टीकरण तलब किया, लेकिन कोर्ट प्रस्तुत जवाब से असंतुष्ट रही। मामले के तथ्यों का अवलोकन करते हुए कोर्ट ने पाया कि ट्रायल कोर्ट ने अपने निर्णय में या कहीं भी लिखित नहीं किया था कि न्यायालय ने आरोपियों को बड़ी करने से पहले यह संतोष प्राप्त कर लिया था कि नाबालिग पीड़िता घटनाओं को समझने तथा सही-गलत में अंतर करने की क्षमता रखती थी और प्रश्नों का सत्य उत्तर देने में सक्षम थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में पीड़िता की क्षमता संबंधी प्रमाणन न्यायिक रूप से आवश्यक प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसका निर्णय में अभाव गंभीर त्रुटि है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय और न्यायमूर्ति डॉक्टर अजय कुमार-द्वितीय की खंडपीठ ने अरविंद द्वारा दाखिल आपराधिक अपील पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका में पुलिस स्टेशन रायासत्ती, चंदौसी, संभल में बीएनएसएस और पोक्सो अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत दर्ज मामले में विशेष न्यायाधीश द्वारा 22 दिसंबर 2025 को पारित निर्णय को चुनौती दी गई है। बता दें कि कोर्ट द्वारा स्पष्टीकरण मांगे जाने पर संबंधित अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि पीड़िता की क्षमता की जांच की गई थी, परंतु अत्यधिक कार्यभार के कारण यह तथ्य निर्णय में दर्ज नहीं हो सका और टाइपिंग के दौरान रीडर से उक्त प्रमाणपत्र छूट गया।

# डीसीएम ने कार को मारी टक्कर, दो की मौत

संवाददाता, कुशीनगर/संतकबीरनगर





हादसे में क्षतिग्रस्त कार व मृतकों धनंजय और शंभू की फाइल फोटो।

- लखनऊ में समारोह से लौट रहे थे चार पत्रकार, दो घायल

**अमृत विचार।** लखनऊ-गोरखपुर हाइवे पर रसूलाबाद के पास सोमवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में कुशीनगर के दो पत्रकारों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार गोरखपुर की ओर से लखनऊ जा रही एक डीसीएम अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पहुंच गई। इसी दौरान लखनऊ से गोरखपुर की ओर जा रही कार उसकी चपेट में आ गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक सीट पर ही फंस गया।

हादसे की सूचना मिलते ही मगहर चौकी इंचार्ज विनोद यादव, एसआई राम आश्रय यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों और पेट्रोल पंप कर्मचारियों की मदद से कार का दरवाजा तोड़कर चालक को बाहर निकाला। इसके बाद सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल संतकबीरनगर भेजा गया। चिकित्सकों ने धनंजय पांडेय (42) पुत्र उमाकांत पांडेय निवासी सरगटिया रामनगर थाना नेबुआ- नौरंगिया, कुशीनगर और शंभू मिश्रा (45) पुत्र स्व. रमाकांत मिश्रा निवासी लखुआ- लखुई खुर्द थाना खड्डा, कुशीनगर को मृत घोषित कर दिया। वहीं, रमन कुमार (36) निवासी इंदिरा नगर जटहा रोड पडरौना और सुदेश मिश्रा (42) निवासी चितहां थाना नेबुआ नौरंगिया की हालत गंभीर बताई जा रही है। कार सवार चारों युवक पत्रकारिता पेशे से जुड़े थे और लखनऊ में हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश स्तरीय होली मिलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह में शामिल होकर कुशीनगर लौट रहे थे। कोतवाल जयप्रकाश दूबे ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

### गुरसहायगंज स्टेशन को किया जा रहा पुनर्विकसित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल पर स्थित गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत रू0 10.50 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले का एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। यह स्टेशन कानपुर, लखनऊ, कासगंज, फर्रूखाबाद, बरेली आदि स्टेशनों से जुड़ा है। इस कारण यह स्टेशन आसपास के व्यापारिक और कृषि क्षेत्र के लिये उपयोगी है। गुरसहायगंज से लगभग 30 किमी. दूरी पर स्थित कन्नौज को प्रसिद्ध इत्रनगरी कहा जाता है।

## परिवार पर एसिड से हमला मां व बेटी समेत चार झुलसे

संवाददाता, संतकबीरनगर।

**अमृत विचार।** बखिरा थाना क्षेत्र के पठान टोला में मुर्गी के दरवाजे पर गंदगी करने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद रविवार की रात खौफनाक हिंसा में बदल गया। पड़ोसियों ने परिवार के लोगों पर एसिड फेंक दिया, जिससे मां-बेटी समेत चार लोग झुलस गए। गंभीर रूप से घायल महिला को बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पठान टोला निवासी आसमा खातून पुत्री मोहम्मद यासीन ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे उनके परिवार और पड़ोसी गुलाम हुसैन के परिवार के बीच मुर्गी के दरवाजे पर गंदगी करने को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों में तीखी नोंक-झोंक के दौरान गुलाम हुसैन अपने दोनों बेटों मनसूर और मकसूर के साथ मिलकर गाली-गलौज करते हुए अचानक उनके परिवार के लोगों पर एसिड फेंक दिया। हमले में आसमा खातून की मां अमीरुन्निशा गंभीर रूप से झुलस गईं, जबकि आसमां, उनके भाई फिरोज और अफरोज भी एसिड की चपेट में आकर घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदावल ले जाया गया।

# 50 क्विंटल फूलों से सजेगा राम मंदिर

अयोध्या कार्यालय।



राम मंदिर।

- मंत्रोच्चारण, शंखनाथ और भगवान के भजनों से गुंजायमान होगा परिसर

**अमृत विचार :** राममंदिर परिसर में 19 मार्च को आयोजित श्रीराम यंत्र स्थापना समारोह में पूरे परिसर को 50 क्विंटल फूलों से सजाया जायेगा। जगद्गुरु आदि शंकराचार्य द्वार से लेकर राम मंदिर तक विशेष व्यवस्था होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के राम जन्मभूमि परिसर में आगमन होते ही भव्य स्वागत किया जाएगा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इसकी तैयारी कर रहा है।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा ने बताया कि यह राम मंदिर समेत पूरे परिसर के निर्माण का अंतिम कार्यक्रम होगा। राम मंदिर के साथ परिधि में बने 800 मीटर के परकोटे में छह देवी-देवताओं के मंदिर, शेषवतार मंदिर, सप्त ऋषि मुनियों के मंदिर, कूबेर टीला और जटायु की प्रतिमा स्थापित है। जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके लिए सभी स्थलों को फूलों से सुसज्जित करने की योजना है। 19 मार्च को सुबह 11 बजे के लगभग परिसर में प्रवेश करते ही फूलों से स्वागत किया जाएगा। मंत्रोच्चारण, शंखनाथ और भगवान के भजनों से परिसर गुंजायमान होगा।

यह कार्यक्रम को बहुत ही सुंदर ढंग से संपन्न करने की तैयारी की जा रही है। यहाँ आने वाले प्रमुख अतिथियों को बैठने की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू परिसर का भ्रमण करते हुए राम मंदिर पहुंचेंगी। जहां श्रीराम यंत्र की स्थापना करेंगी। वहीं आमंत्रित अतिथियों को संबोधन के लिए बने मंच पर भी जाएंगी।

# ट्रस्ट बनवा रहा प्रसाद के 10 हजार डिब्बे

अयोध्या कार्यालय



राम मंदिर परिसर स्थित सीता रसोई में तैयार हो रहा प्रसाद। अमृत विचार

- श्रद्धालुओं को भी बांटे जाएंगे लड्डू और पंजीरी

**अमृत विचार:** राम मंदिर के द्वितीय तल 19 मार्च को श्रीराम यंत्र की स्थापना होगी। इसके लिए यंत्र का पूजन अनुष्ठान संपन्न किया जा रहा है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ होने पर आयोजित समारोह में शामिल होने वाले 7000 अतिथि, सुरक्षाकर्मी और कार्यकर्ताओं को विशेष प्रसाद उपलब्ध कराए जाने की तैयारी है। इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सीता रसोई में प्रसाद के 10 हजार डिब्बे बनवा रहा है। इसके अलावा इस दिन मंदिर के दर्शनार्थियों में भी लड्डू और पंजीरी का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज की देख रेख में चल रहे प्रसाद पैकिंग में मखाना, मूंगफली दाना, चिप्स, लक्षा, रामदाने के लड्डू, पंजीरी तैयार की जा रही है।

राजेंद्र सिंह पंकज ने बताया कि आमंत्रित अतिथियों को लगभग पांच घंटे परिसर में रहना होगा। उनके लिए फलहार के लिए विशेष पैकेट तैयार किये जा रहे हैं। जिसमें दो लड्डू, एक आलू चिप्स, लक्षा के अलावा केला, सेब व संतरा भी दिया जाएगा, क्योंकि इस दिन नवरात्र का प्रथम दिन भी होगा। इसके लिए यह पूरी तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि गर्मी का मौसम है इसके लिए कोई कठिनाई न आए इसके लिए सभी के बीच ओआरएस का घोल भी वितरित किया जाएगा।

### पुलिस लाइन सभागार में हुई अपराध गोष्ठी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी का आयोजन अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण एवं शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी किया गया। अपराध गोष्ठी की शुरुआत सैनिक सम्मलेन से हुआ। पुलिस अधीक्षक द्वारा रमजान ईद-उल-फितर के दृष्टिगत कृत कार्यवाही की समीक्षा तथा शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, सीसीटीवी की क्रियाशीलता, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार आदि की समीक्षा की गई।

## सीएचसी पर नहीं थी एक्स-रे प्लेट अव्यवस्था देख बिफरे विधायक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिले के सीएचसी खेसरहा पर कई महीनो से एक्स रे प्लेट नही है। एक्स रे प्लेट के अभाव में आम जनता काफी परेशान है। इस बात की पोल तब खुली जब सोमवार को शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी अपने घुटने का एक्स रे करवाने खुद अस्पताल पहुंचे। एमएलसी ने बताया की उनके घुटने में दर्द था। उन्होंने इस बीमारी की जांच कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेसरहा गए। वहा एक्स रे टेक्नीशियन द्वारा उनके घुटने का एक्स रे किया गया और बताया गया की अस्पताल पर एक्स रे प्लेट नही है। मोबाइल में फोटो खींच लीजिए और इसे डाक्टर को दिखाइए जिससे इलाज हो सके। अस्पताल पर घोर अव्यवस्था को देखकर शिक्षक विधायक काफी रोष प्रकट किया और इस समस्या की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने के साथ सदन में भी उठाने की बात कही है। उन्होंने कहा की उनके द्वारा जनपद में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सदन में प्रश्न उठाया गया था जिसके क्रम में 14 मार्च को स्वास्थ्य मंत्री का जिला मुख्यालय पर आगमन हुआ था। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों की बैठक की थी जिसमे स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा की गई थी।

# कुलपति व छात्रों ने किया रक्तदान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन, कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने स्वयं रक्तदान करके शुभारंभ किया गया।



रक्तदान करते शिक्षक। अमृत विचार

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के स्वास्थ्य विभाग एवं माधव प्रसाद त्रिपाठी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा एवं मानवता के प्रति समर्पित अभियान का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर कविता शाह द्वारा रक्तदान करके शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने कहा कि शिक्षण संस्थानों की समाज को जागरूक करने, उसे सशक्त बनाने तथा सामाजिक संवेदनशीलता को विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जगत से जुड़े कर्मचारी एवं विद्यार्थी जब ऐसे सेवा अभियानों से जुड़ते हैं तो वे अपने राष्ट्र धर्म के निर्माण में सक्रिय योगदान देते हैं। निस्वार्थ भाव से किया गया रक्तदान मानवता की सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है।

### गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं पुनर्निर्धारण किया

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल पर स्थित दिल्ली-दिल्ली शाहदरा स्टेशनों के मध्य नये यमुना पुल के निर्माण के परिप्रेक्ष्य में इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक लिए जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं पुनर्निर्धारण किया जायेगा। 17 एवं 28 मार्च को 15091 दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग दिल्ली सराय रोहिल्ला-नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-शकुर बस्ती के रास्ते चलाई जायेगी। 12036 दिल्ली-टनकपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग दिल्ली -नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-शकुर बस्ती के रास्ते चलाई जायेगी। इसी तरह अन्य गाड़ियों का संचलन बदला रहेगा।

## विशेष गाड़ियों का संचलन अतिरिक्त फेरों के लिए बढ़ा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व से चलाई जा रही 05575/05576 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनल-सहरसा वाया गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन सहरसा से 18 एवं 25 मार्च को तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 24 एवं 31 मार्च को 02 अतिरिक्त फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 04 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 14 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

इसके अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व से चलाई जा रही वाया गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन पूर्णिया कोर्ट से 17 से 29 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 19 से 29 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार, शुक्रवार एवं रविवार को 06 अतिरिक्त फेरों के लिये बढ़ाया जा रहा है। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 04 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 14 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

**लिया जायजा** — पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा ने फायर स्टेशन का किया निरीक्षण

# अग्निशमन उपकरणों का हो बेहतर रख-रखाव

संवाददाता कुशीनगर



पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन एवं आपात सेवा, उत्तर प्रदेश सुजीत पाण्डेय का स्वागत करते एसपी कुशीनगर केशव कुमार।

**अमृत विचार:** सोमवार को सुजीत पाण्डेय पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन एवं आपात सेवा, उत्तर प्रदेश ने कुशीनगर पहुंच पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के साथ फायर स्टेशन रविन्द्रनगर का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम सेरेमोनियल गार्ड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर एवं सलामी दी गई। तत्पश्चात फायर सर्विस वाहनों, उपकरणों, बैरक तथा अन्य सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त आवश्यक अग्निशमन उपकरण अपने पास उपलब्ध रखे जाएं तथा उनका नियमित एवं सुव्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त फायर स्टेशन के कर्मचारियों के साथ बैठक की, जिसमें उनकी व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर सिद्धार्थ वर्मा, सीएफओ सुपात्र शंखधर, क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अपराध राकेश प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय उमेश चन्द भट्ट एवं पीआरओ सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### क्राइम कंट्रोल पर जोर लापरवाहों को फटकार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** एसपी संदीप कुमार मीना ने सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में मातहतों के साथ क्राइम मीटिंग की। मीटिंग के दौरान जनपद में घटित अपराधों और उसमें हुई कार्रवाई की समीक्षा की। अपराधों पर अकुंश लगाने में अक्षम साबित होने पर कार्रवाई की चेतवानी दी। वहीं, बेहतर कार्य करने वाले 57 पुलिस कर्मियों को 'टॉप ऑफ द मंथ' का पुरस्कार दिया। एसपी संदीप कुमार मीना ने सबसे पहले सैनिक सम्मेलन कर विभिन्न थानों व शाखाओं से आए पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त गोरखपुर मंडल अनिल ढींगरा ने सोमवार को कुशीनगर के भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनगणना से सम्बंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि जनगणना के आधार पर ही देश एवं प्रदेश सरकार द्वारा विकास से संबंधित योजनाएँ एवं कार्यक्रम तैयार किए जाते हैं। जनगणना का उद्देश्य एवं उसका महत्व भली-भांति समझ लेना चाहिए। बताया कि जनगणना के बाद प्रत्येक प्रगणक को क्षेत्र आवंटित किया जाता है, जिसमें वे घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार का सर्वे कर सभी आवश्यक जानकारियाँ एकत्र करते हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि जनगणना का कार्य त्रुटिरहित होना चाहिए तथा किसी भी परिवार की जानकारी अधूरी नहीं रहनी चाहिए। साथ ही जनगणना से संबंधित सूचनाओं की गोपनीयता बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

जनगणना का कार्य दो चरणों में सम्पन्न किया जाएगा। प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण एवं गणना 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक की जाएगी। इसके पूर्व 7 मई 2026 से 21 मई 2026 तक नागरिकों को स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार से संबंधित विवरण स्वयं दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य 28 फरवरी 2027 तक सम्पन्न कराया जाएगा।इसके पश्चात मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में समस्त उपजिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के साथ बैठक कर राजस्व विभाग की धारा-24, धारा-34, धारा-80 सहित अन्य राजस्व वादों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व वादों का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। पुराने वादों की सुनवाई कर आदेश पारित करते हुए इस माह के अंत तक अधिकतम पुराने मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### हैदराबाद में बच्ची का यौन उत्पीड़न कर हत्या

**हैदराबाद।** चार साल की एक बच्ची के यौन उत्पीड़न और हत्या के मामले में 25 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना रविवार को हुई जब आरोपी ने लड़की को चॉकलेट का लालच देकर एक श्रम शिविर से अपने साथ ले गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बच्ची के पड़ोस में ही रहने वाला आरोपी, उसे पास की झाड़ियों में ले गया और यौन उत्पीड़न कर उसकी हत्या कर दी। बच्ची के पिता ने रविवार को नरसिंगी पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस उपायुक्त (सेरिलिंगमपल्ली जोन) सी.एच. श्रीनिवास ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान, पुलिस ने सबूत जुटाए और उस संदिग्ध की पहचान की जो बच्ची को अपने साथ ले गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### एएसआई को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की सतर्कता इकाई ने सोमवार को गीता कॉलोनी थाने में तैनात एक सहायक उप-निरीक्षक (एसआई) को शाहदरा में एक शिकायतकर्ता से कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी अधिकारी की पहचान रोहताश कुमार के रूप में हुई है। उसे एक व्यक्ति से कथित तौर पर मांगे गए 20,000 रुपये लेते हुए पकड़ा गया। पुलिस उपायुक्त (सतर्कता) ने बताया कि यह कार्रवाई दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा द्वारा शुरू किए गए भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा थी। सतर्कता इकाई के अनुसार, शाहदरा निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि उसकी पत्नी द्वारा दायर दहेज उत्पीड़न के मामले की जांच कर रहे एएसआई उसे और उसके परिवार के सदस्यों को सख्त कार्रवाई की धमकी दे रहे थे।

### स्वास्थ्य मंत्री ने गर्भवती की मौत पर माफी मांगी

**आइजोल।** मिजोरम की स्वास्थ्य मंत्री लालरिनपुई ने लुंगलेई के एक राजकीय अस्पताल में कथित तौर पर भर्ती करने से इनकार किए जाने के बाद 31 वर्षीय गर्भवती महिला की मौत के मामले में सोमवार को औपचारिक रूप से माफी मांगी और पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए। लालरिनपुई ने यहां विधानसभा सम्मेलन कक्ष में मिजोरम सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल योजना के उद्घाटन के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा मरीजों को वापस भेजने की खबरों को दिल दहला देने वाला और अस्वीकार्य करार दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के रूप में, मैं जिम्मेदारी लेती हूं और शोक संतप्त परिवार से दिल से माफी मांगती हूं।

### बच्ची से बलात्कार में तीन नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** दक्षिणपूर्वी दिल्ली के ओखला औद्योगिक क्षेत्र में सात वर्षीय बच्ची के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में 12 से 13 वर्ष की आयु के तीन लड़कों को पकड़ा गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इलाके में तीन लड़कों द्वारा एक नाबालिग बच्ची के साथ कथित बलात्कार की सूचना 14 मार्च को पीसीआर को मिली। बाद में लड़की को उसकी मां के साथ पुलिस थाने में लाया गया, जबकि तीनों संदिग्धों को भी पूछताछ के लिए वहां लाया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच में एक महिला अधिकारी को शामिल किया गया है।


# भाजपा की बंगाल और केरल में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी

## बंगाल में पहली सूची में 144 नाम, केरल में हुई 47 उम्मीदवारों की घोषणा

**नई दिल्ली/ कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को 144 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। वहीं, पार्टी ने केरल में 47 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। पार्टी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सीट कोलकाता के भबानीपुर से नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को चुनाव मैदान में उतारा है। शुभेंदु अपनी मौजूदा सीट नंदीग्राम से भी चुनाव लड़ेंगे।

दिल्ली में भाजपा द्वारा की गई घोषणा से संकेत मिलता है कि पश्चिम बंगाल की मुख्य विपक्षी पार्टी ममता बनर्जी बनाम शुभेंदु अधिकारी के इर्द-गिर्द चुनावी विमर्श को गढ़ने का प्रयास करेगी। वह चुनाव से पहले अपने मौजूदा विधायकों को काफी हद तक बरकरार रख रही है तथा अपनी



• शुभेंदु को ममता की दोनों सीटों भवानीपुर और नंदीग्राम से टिकट

सामाजिक पहुंच को व्यापक बनाने के लिए विभिन्न व्यावसायिक पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों को शामिल कर रही है। राज्य में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। भाजपा की पहली सूची में नंदीग्राम और भबानीपुर दोनों से शुभेंदु अधिकारी की उम्मीदवारी को सबसे महत्वपूर्ण निर्णय के रूप में देखा जा रहा है, जो बंगाल में भाजपा के प्रमुख जमीनी कमांडर के रूप में उनकी भूमिका को रेखांकित करता है। नंदीग्राम का इस मायने में राजनीतिक महत्व है कि 2007 के भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन का यह केंद्र था और इसी आंदोलन ने बनर्जी के सत्ता में आने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन 2021 में यह सबसे नाटकीय चुनावी लड़ाइयों का भी तब गवाह बना जब अधिकारी ने मुख्यमंत्री बनर्जी को लगभग 1,900 मतों से हरा दिया। उधर, भबानीपुर को बनर्जी का राजनीतिक गढ़ माना जाता है। वह 2021 में इस सीट से 58,000 से अधिक मतों के अंतर से उपचुनाव के बाद विधानसभा लौटी थीं। उम्मीदवारों की घोषणा के बाद अधिकारी ने कहा कि मैं दोनों सीट से जीत दर्ज करूंगा और ममता बनर्जी को फिर से हराऊंगा। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह निर्णय भाजपा की तटीय बंगाल और जंगल महल क्षेत्र में अधिकारी के संगठनात्मक नेटवर्क पर निर्भरता का भी संकेत देता है, जहां उनका काफी प्रभाव माना जाता है।

### केरल में कूरियन, चंद्रशेखर एवं जॉर्ज के नाम

**नई दिल्ली।** भाजपा ने केरल में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्रियों राजीव चंद्रशेखर और वी मुरलीधरन को क्रमशः नेमम और कझाकुट्टम विधानसभा सीटों से उम्मीदवार बनाया है। सूची के अनुसार, पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कूरियन को कंजीरापल्ली निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा है जबकि पीसी जॉर्ज पूनजार विधानसभा सीट से किस्मत आजमाएंगे। इसमें कहा गया है कि आर श्रीलेखा वट्टियोरकावु और पद्मजा वेणुगोपाल प्रदेश के त्रिशूर सीट से उम्मीदवार होंगी। सूची में कहा गया है कि इसके अलावा राजी प्रसाद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कुन्नाथुर सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगी, जबकि आर रश्मि कोट्टारक्करा से चुनाव लड़ेंगी। पार्टी ने सोभा सुरेंद्रन को पलक्कड़ से, नव्या हरिदास को कोझिकोड उत्तर से और कविता केएस को सुल्तान बथेरी (आरक्षित) सीट से उम्मीदवार बनाया है।

### ईडी ने डेयरी कारोबारी किशन मोदी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ धन शोधन मामले में किशन मोदी को गिरफ्तार किया है। ईडी के भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को बताया कि आरोपी को भोपाल की एक विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने 18 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। यह मामला भोपाल के हबीबगंज थाना और भोपाल की आर्थिक अपराध शाखा में कंपनी के निदेशकों और अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों पर आधारित है। ईडी अधिकारी ने बताया, पीएमएलए के तहत जांच से पता चला है कि 'मिल्क मैजिक' ब्रांड नाम से डेयरी उत्पाद बनाने वाली कंपनी जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के उत्पादों में दूध का वसा की जगह ताड़ का तेल और दूसरे नुकसानदेह रसायन मिलाए गए थे। इन उत्पादों की घरेलू बाजार के साथ विभिन्न देशों में निर्यात किया गया। निर्यात मंजूरी लेने के लिए इंदौर की निर्यात निरीक्षण एजेंसी के समक्ष प्रतिष्ठित प्रयोगशालाओं की जाली प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट पेश की गयी।

# एम्स ने पहली बार निष्क्रिय इच्छा मृत्यु प्रक्रिया शुरू की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एम्स-दिल्ली ने हरीश राणा को 'निष्क्रिय इच्छा मृत्यु' की अनुमति देने वाले उच्चतम न्यायालय के फैसले को लागू करने के लिए प्रोटोकॉल शुरू कर दिया है। संबंधित सूत्रों का कहना है कि इस प्रक्रिया में लगभग दो से तीन सप्ताह लगेंगे।

वर्ष 2013 से अचेत 31 वर्षीय हरीश को शनिवार को उनके गाजियाबाद स्थित घर से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉ. बीआर आंबेडकर इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल में प्रशामक देखभाल इकाई में स्थानांतरित कर दिया गया। इस प्रक्रिया को लागू करने के लिए, भारत में पहली बार, एनेस्थीसिया एवं पैलिएटिव मेडिसिन विभाग की प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. सीमा मिश्रा की अध्यक्षता में एक विशेष चिकित्सा टीम का गठन किया गया है। टीम में न्यूरोसर्जरी, ऑन्को-एनेस्थीसिया एवं पैलिएटिव मेडिसिन और मनोचिकित्सा विभाग के डॉक्टर शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में 11 मार्च को हरीश के लिए निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की अनुमति प्रदान कर दी थी।



• हरीश राणा के लिए विशेष टीम बनाई गई, दो-तीन सप्ताह लगेंगे

### अध्यात्म का सहारा ले रहा परिवार

उच्चतम न्यायालय द्वारा इच्छामृत्यु की अनुमति दिए जाने के बाद 31 वर्षीय हरीश राणा के परिवार ने उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए चिकित्सा परामर्श के साथ-साथ आध्यात्मिक मार्गदर्शन का भी सहारा लिया है। चिकित्सा बोर्ड के इस निष्कर्ष पर पहुंचने के बाद कि हरीश की स्थिति में अब सुधार नहीं हो पाएगा, शीर्ष अदालत ने जीवनरक्षक सहायता को वापस लेने की अनुमति दे दी। निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने वाले अशोक राणा ने फैसले के बाद कहा था कि यह निर्णय बेहद दर्दनाक है।

# घुमंतू जनजातियों के लिए जनगणना में बनाया जाए एक अलग कॉलम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतू जनजातिय प्रतिनिधियों की मांग

देशभर के मुक्त (डिनोटिफाइड), घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों (एनटी-डीएनटी) के प्रतिनिधियों ने सोमवार को यहां आयोजित राष्ट्रीय बैठक में जनगणना में अलग कॉलम और विशिष्ट जातिगत कोड शामिल करने की मांग की है। समुदाय के नेताओं ने बैठक के बाद बाद कहा कि डीएनटी-एनटी फेडरेशन ऑफ इंडिया के गठन की घोषणा की गयी। उन्होंने कहा कि उनकी मांग को नजरअंदाज किया गया तो देशभर में लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करेंगे।

संवाददाता सम्मेलन में पूर्व आयोग अध्यक्ष बालकृष्ण सिदराम रेणके, दिगंबर राठोड, लालजी राईका, एसपी सिंह लबाना, गोपाल केशवत, डॉ. अभय जाधव और दीपा पवार सहित कई प्रतिनिधि मौजूद थे। नेताओं ने बताया कि 14-15 मार्च 2026 को दिल्ली में आयोजित घुमंतू-विमुक्त परिषद में देश के 22 राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और एक साझा राष्ट्रीय मंच बनाने का निर्णय लिया। समुदाय के प्रतिनिधियों ने कहा कि डिनोटिफाइड और घुमंतू समुदायों की सही गणना के बिना उनकी वास्तविक स्थिति सामने नहीं आ पाती। कई समुदाय आज भी सरकारी आंकड़ों में ठीक से दर्ज नहीं हैं, जिसके कारण नीति-निर्माण के दौरान उनकी समस्याएं नजरअंदाज हो जाती हैं। प्रतिनिधियों ने सरकार से कई अन्य मांगें भी रखीं, जिनमें- सरकारी नौकरियों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में 10 प्रतिशत आरक्षण, भटके-विमुक्त परिवारों को भूमि अधिकार और स्थायी आवास, समुदायों के खिलाफ होने वाले अपराधों में कानूनी और संवैधानिक संरक्षण, एनटी-डीएनटी समुदायों के विकास के लिए स्वतंत्र और पर्याप्त बजट प्रावधान शामिल हैं। इस मौके पर बालकृष्ण सिदराम रेणके ने 2005 में गठित डिनोटिफाइड और घुमंतू जनजातियों पर राष्ट्रीय आयोग की सिफारिशों का जिक्र किया। आयोग ने 2008 में अपनी रिपोर्ट में बताया था कि देश की 10 प्रतिशत से अधिक आबादी इन समुदायों से जुड़ी है और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति बेहद पिछड़ी हुई है।

### संसद के गेट पर बजा सुरक्षा अलार्म मची अफरातफरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को तेज हवाएं चलने के बीच, संसद के प्रवेश द्वार पर लगा एक 'बूम बैरियर' तकनीकी खराबी के कारण गिर जाने पर सुरक्षा अलार्म बज गया और तुरंत ही एक त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) मौके पर पहुंचा। सूत्रों ने बताया कि संसद भवन परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएफ) के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि कोई सुरक्षा खतरा नहीं पाया गया। विजय चौक के पास स्थित गेट से वाहनों की आवाजाही कुछ समय बाद सामान्य रूप से बहाल हो गई। सूत्रों ने बताया कि बूम बैरियर संभवतः तेज हवा के कारण आई तकनीकी खराबी के चलते स्वतः ही नीचे गिर गया।

### ताज का दीदार...



आगरा में सोमवार को सूर्यदेव खूब तमतमाए रहे। दिन भर अच्छी धूप खिली रही। ऐसे में धूप से बचने के लिए विश्व प्रसिद्ध ताजमहल को देखने आए पर्यटकों ने छतरियों का सहारा लिया।

# कई राज्यों में सिलेंडर की जमाखोरी पर कार्रवाई

**नई दिल्ली/ मुंबई, एजेंसी**

• एलपीजी आपूर्ति : भारी संख्या में सिलेंडर बरामद, कई गिरफ्तारियां

• केंद्र सरकार का दावा, कच्चे तेल और एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति

विपक्षी दलों द्वारा देश में एलपीजी गैस की कमी को लेकर सरकार को संसद से सड़क तक घेरने की कोशिश के बीच कई राज्यों में प्रशासन ने सोमवार को एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी कस्बे में एक निजी परिसर से 2.22 लाख रुपये मूल्य के 84 अवैध रूप से जमाकर रखे गए एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए। इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि 84 सिलेंडर में से 34 भरे हुए थे और बाकी खाली थे। महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने राज्य सरकार द्वारा गैस सिलेंडर की जमाखोरी और अवैध व्यापार के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि 23 मामले दर्ज किए गए हैं और 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

महाराष्ट्र विधान परिषद में कांग्रेस के अभिजीत वंजारी द्वारा उठाए गए मुद्दे का जवाब देते हुए भुजबल ने पश्चिम एशिया संकट के बीच कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने जिला स्तर पर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की समितियां गठित की हैं, जिन्होंने छापेमारी की 2,129 कार्रवाई की है और 1,208 सिलेंडर और 33,66,411 रुपये मूल्य का सामान जब्त किया। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण, रीफिलिंग और कालाबाजारी के संबंध में कम से कम छह प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और संभावित आपूर्ति की कमी की आशंकाओं के बीच 600 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। इस बीच, पूर्वी दिल्ली के शकरपुर में पुलिस ने 46 वर्षीय योगेश गुप्ता नामक एक व्यक्ति को उसकी दुकान पर बड़े घरेलू सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में गैस भरते हुए गिरफ्तार किया। उसने बताया कि बाहरी उत्तरी दिल्ली में दो मामले दर्ज किए गए, जबकि पूर्वी दिल्ली के शकरपुर, उत्तरी दिल्ली के रोहिणी और शाहदरा के गांधी नगर में एक-एक मामला दर्ज किया गया। इनके अलावा मुंडका में एक मामला दर्ज किया गया। पिछले कुछ दिनों में जम्मू में कई एलपीजी गैस एजेंसियों के सामने लंबी कतारें देखी गईं। वहीं केंद्र सरकार ने दावा किया है कि देश में कच्चे तेल और एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति है।

### केरल के सीएम ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने हालांकि सोमवार को विधानसभा में कहा कि राज्य में घरेलू और व्यावसायिक दोनों प्रकार की एलपीजी आपूर्ति की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे घरों की रसोई के साथ-साथ होटल, कैंटीन और रेस्तरां जैसे व्यवसाय भी प्रभावित होने की आशंका है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने सोमवार को केंद्र सरकार से आगामी त्योहारों के मौसम को देखते हुए राज्य के घरों को दो महीने की अवधि के लिए एक अतिरिक्त घरेलू एलपीजी सिलेंडर के अस्थायी आवंटन की अनुमति देने का अनुरोध किया। उन्होंने रमजान, ईस्टर और विशु जैसे आगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा। विजयन ने रेखांकित किया कि केरल में देश में एलपीजी पर निर्भरता का स्तर सबसे अधिक है, जहां 95 प्रतिशत से अधिक परिवार खाना पकाने के लिए लगभग पूरी तरह से एलपीजी पर निर्भर हैं।

### अवैध पटाखा फैक्ट्री पकड़ी, संचालक पर रासुका लागू

**देवास/इंदौर।** मध्यप्रदेश के देवास जिले के दुर्गम जंगलों में पुलिस ने सोमवार को पटाखों के अवैध कारखाने का खुलासा करते हुए तीन कथित ठेकेदारों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पटाखा कारखाने के फरार संचालक पर कड़े प्रावधानों वाला राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगा दिया गया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने संवाददाताओं को बताया कि मुखबिर की सूचना पर उदय नगर क्षेत्र के दुर्गम जंगलों में अवैध पटाखा कारखाने का भंडाफोड़ किया गया। गेहलोद ने बताया, कारखाने में करीब 50,000 तैयार रस्सी बमों के साथ ही लगभग 2,500 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री मिली जिसमें घातक रसायन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को पता चला है कि इस कारखाने में करीब 35 मजदूरों को काम पर रखा गया था।

# भोजशाला विवाद : मौका मुआयना करेगा हाईकोर्ट

**इंदौर, एजेंसी**

• मुस्लिम पक्ष ने मांगी सर्वेक्षण की वीडियोग्राफी

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह धार के भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद परिसर को लेकर जारी विवाद के मद्देनजर दो अप्रैल से पहले मौके का मुआयना करेगा। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष संभवतः 11वीं सदी के इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की पीठ ने इस विवादित परिसर से जुड़ी याचिकाओं पर नियमित सुनवाई के लिए दो अप्रैल की तारीख तय की। युगल पीठ ने कहा,तमाम विवादों के मद्देनजर हम परिसर में पहुंचकर इसे देखना चाहेंगे। हम अगली तारीख (दो अप्रैल) से पहले परिसर का दौरा करेंगे। बहरहाल, उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि इस दौरे में मामले से जुड़े किसी भी पक्ष को विवादित स्थल पर मौजूद रहने की अनुमति नहीं होगी। लम्बी बहस सुनने के बाद युगल पीठ ने मामले में दायर अलग-अलग अंतरिम अर्जियों को सुनवाई के लिए मंजूर कर लिया और कहा कि इन अर्जियों से संबद्ध दस्तावेज और हलफनामे पक्षकारों द्वारा अदालत में पेश किए जा सकते हैं। उच्च न्यायालय ने मौखिक टिप्पणी में कहा,हम मामले से जुड़े सभी पक्षों को सुनवाई का पूरा मौका देंगे। धार का विवादित परिसर एएसआई द्वारा संरक्षित है। एएसआई ने उच्च न्यायालय के आदेश पर दो साल पहले विवादित परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करके अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी।

# असम के पांच जिलों के डीईओ एसएसपी का किया तबादला

**गुवाहाटी, एजेंसी**

• निर्वाचन आयोग ने विशेष पर्यवेक्षक भी किया नियुक्त

विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद निर्वाचन आयोग ने सोमवार को असम के पांच जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और उतने ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) का तबादला कर दिया और राज्य के लिए एक विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया। आयोग ने कोकराझार, माजुली, बक्सा, चिरांग और उदालगुड़ी के डीईओ को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया है।

निर्वाचन आयोग ने असम के मुख्य सचिव रवि कोटा को भेजे गए एक पत्र में कोकराझार के डीईओ पंकज चक्रवर्ती की जगह डॉ. पी उदय प्रवीण, माजुली के रतुल पाठक की जगह सृष्टि सिंह और बक्सा के धीरज सऊद की जगह किम्नेई चांगसन को नियुक्त करने का आदेश दिया है। इसी के साथ चिरांग के डीईओ गकुल चंद्र ब्रह्मा की जगह मधुसूदन नाथ और उदालगुड़ी के पुलक पाटगिरी के स्थान पर जय विकास को तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया गया है।

सभी पांच स्थानांतरित जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) असम सिविल सेवा (एसीएस) के अधिकारी हैं और उनके स्थान पर आईएएस के अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। निर्वाचन आयोग ने इससे पहले दिन में मुख्य सचिव को पत्र लिखकर 2010 से 2021 बैच के सभी आईएएस अधिकारियों के नाम उपलब्ध कराने को कहा था। राज्य में 35 जिले हैं। डीईओ एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी होता है, जो आमतौर पर जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टर होता है और जिसे निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग विभिन्न चुनाव अधिकारियों के प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं था और नए अधिकारियों की नियुक्ति करना चाहता था। इससे पहले, आयोग ने माजुली, दक्षिण सालमारा, सादिया, चिरांग और धेमाजी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों का तबादला कर दिया।

संभावना

परिसीमन से पहले अधिनियम में संशोधन कराने की भी केंद्र की तैयारी

# महिला आरक्षण लागू करने के लिए सरकार लाएगी अधिनियम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद राज्यसभा में पेश होगा विधेयक

देश में परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने से पहले महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करने के उद्देश्य से, सरकार द्वारा संसद के मौजूदा बजट सत्र में कानून में संशोधन के लिए एक विधेयक लाए जाने की संभावना है।

सूत्रों ने बताया कि संसद में संविधान संशोधन विधेयक को सुचारू रूप से पारित कराने के लिए विपक्ष से संपर्क किया गया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित विधेयक को अभी तक केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी नहीं मिली है। सूत्रों ने बताया कि ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के बाद विधेयक को संभवतः अगले सप्ताह राज्यसभा में पेश किया जाएगा। महिला आरक्षण अधिनियम संसद द्वारा 2023 में पारित किया गया था। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का प्रावधान संविधान में संशोधन करके किया गया था, लेकिन यह परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही प्रभावी होगा।

सूत्रों ने इस बात पर जोर दिया कि परिसीमन या निर्वाचन क्षेत्र सीमा निर्धारण आयोग एक तटस्थ निकाय है, जिसे लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण करने का अधिकार दिया गया है, और इसके निर्णयों को उच्चतम न्यायालय में भी चुनौती नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि एक निष्पक्ष निकाय परिसीमन प्रक्रिया में विश्वास पैदा करेगा। निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संस्था है, लेकिन इसे अखिल भारतीय परिसीमन प्रक्रिया संचालित करने का दायित्व नहीं दिया जा सकता।

एक अधिकारी ने बताया, अधिकतम, यह एक या कुछ राज्यों का परिसीमन कर सकता है, जैसा कि इसने हाल ही में असम में किया है। वर्ष 1990 के दशक के मध्य में, गीता मुखर्जी समिति ने सभी निर्वाचन क्षेत्रों में समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए चुनावों में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों के ''रोटेशन'' का सुझाव दिया था। इस सिफारिश के तहत, प्रत्येक आम चुनाव के बाद आरक्षित सीटों का ''रोटेशन'' किया जाएगा। यह चक्रीय व्यवस्था इस प्रकार बनाई गई थी कि तीन आम चुनावों के बाद, लोकसभा और विधानसभाओं के सभी निर्वाचन क्षेत्र कम से कम एक बार महिलाओं के लिए आरक्षित हो चुका होगा। हालांकि, पारित कानून में सीटों के लिए ''रोटेशन'' के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं है। सितंबर 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला आरक्षण विधेयक को अपनी मंजूरी दी थी। इस कानून को आधिकारिक तौर पर संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम के नाम से जाना जाता है।

### राजपत्र में गजट के बाद लागू होगा अधिनियम

इसके प्रावधान के अनुसार, यह अधिनियम उस तिथि से लागू होगा, जो केंद्र सरकार आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा निर्धारित करे। संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में लगभग सर्वसम्मति से और राज्यसभा में भी सर्वसम्मति से पारित हुआ था। विधेयक पारित होने के समय सरकार ने कहा था कि अगली जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन से महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का निर्धारण हो जाएगा। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए कोटा 15 वर्षों तक जारी रहेगा और संसद बाद में इस अवधि को बढ़ा सकती है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए कोटे के भीतर कोटा निर्धारित होने के बावजूद, विपक्ष की मांग है कि यह लाभ अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को भी दिया जाए।

